आकाशवाणी चंडीगढ

30 नवम्बर 2025, समय 18:10

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा- युवाओं का समर्पण विकसित भारत की सबसे बड़ी शक्तियों में से एक है।
- आकाशवाणी पर "मन की बात" कार्यक्रम में श्री मोदी ने कहा कि भारत ने 357 मिलियन टन अनाज उत्पादन के साथ ऐतिहासिक रिकॉर्ड कायम किया है।
- प्रधानमंत्री ने क्रिसमस और नववर्ष पर उपहार देते समय "वोकल फॉर लोकल" मंत्र को याद रखने का आग्रह किया।
- श्री मोदी ने भारतीय जल सेना के तेज़ी से आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ने पर प्रसन्नता जताई।
- केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा - मन की बात कार्यक्रम, देश के प्रति कर्तव्य बोध को जागृत करता है।

*************************************************************************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि हैदराबाद में दुनिया की सबसे बड़ी लीप इंजन MRO फैसिलिटी का उद्घाटन, INS माहे का भारतीय जल सेना में शामिल होना, देश में स्काईरूट के इनफिनिटी कैंपस के उद्घाटन जैसे विकास से जुड़े हालिया घटनाक्रम भारत की नई सोच, नवाचार और युवा शक्ति को प्रतिबिंबित करते हैं। आज आकाशवाणी के मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार साझा करते हुए, श्री मोदी ने भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ISRO द्वारा आयोजित अनूठी ड्रोन प्रतियोगिता का भी ज़िक्र किया, जहां देश के युवा मंगल ग्रह जैसे हालात में ड्रोन उड़ाने की कोशिश कर रहे

थे। प्रधानमंत्री ने कहा, युवाओं का यही समर्पण विकसित भारत की सबसे बड़ी शक्तियों में से एक है। श्री मोदी ने कहा –

श्री मोदी ने कहा कि भारत ने कृषि क्षेत्र में एक बड़ा मुकाम हासिल करते हुए 357 मिलियन टन अनाज उत्पादन के साथ एक ऐतिहासिक रिकॉर्ड बनाया है।

प्रधानमंत्री ने कहा, भारत शहद उत्पादन में भी नए रिकॉर्ड बना रहा है।

श्री मोदी ने कहा कि वे दक्षिण भारत में प्राकृतिक खेती की दिशा में किए जा रहे प्रयासों से बहुत प्रभावित हुए हैं।

प्रधानमंत्री ने फिर से लोगों से 'वोकल फॉर लोकल' के मंत्र को अपनाने का आग्रह किया।

उन्होंने खुशी जताई कि भारतीय जल सेना तेजी से आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि कुछ दिन पहले, G-20 सम्मेलन के दौरान उन्होंने 'वोकल फॉर लोकल' की इस भावना को दोहराया था। उन्होंने खुशी जताई कि देश के लाखों लोगों ने 'वोकल फ़ॉर लोकल' की भावना को अपनी ज़िंदगी का हिस्सा बना लिया है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत में शीतकालीन पर्यटन की हर संभावना है क्योंकि यहां पहाड़, संस्कृति और साहसिक गतिविधियों की अनगिनत संभावनाएं हैं। श्री मोदी ने कहा कि लोग शादी के लिए भी पहाड़ों और नदियों के किनारों को प्राथमिकता दे रहे हैं।

श्री मोदी ने कहा कि यह महीना कई प्रेरणा लेकर आया, जिसमें संविधान दिवस पर सेंट्रल हॉल में एक खास कार्यक्रम, वंदे मातरम की 150वीं

सालगिरह, अयोध्या में राम मंदिर में धर्मध्वजा फहराना और कुरुक्षेत्र के ज्योतिसर में पंचजन्य स्मारक का उद्घाटन शामिल है। प्रधानमंत्री ने कहा कि कुरुक्षेत्र के ब्रह्म सरोवर में आयोजित अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में शामिल होना उनके लिए भी बेहद विशेष रहा।

यूरोप और मध्य एशिया सहित दुनिया भर के कई देशों के लोगों ने इस उत्सव में भाग लिया है। उन्होंने कहा, इस महीने की शुरुआत में, यह पहली बार था जब सऊदी अरब में सार्वजनिक मंच पर गीता का प्रदर्शन किया गया। प्रधानमंत्री ने कहा कि राष्ट्रमंडल खेलों की मेज़बानी मिलना भारत के लिए गौरव की बात है। श्री मोदी ने राष्ट्रमंडल खेलों का जिक्र करते हुए कहा –

श्री मोदी ने कहा कि नवंबर माह भारत में खेलों के मामले में उपलब्धियों भरा रहा। इस महीने महिला टीम के क्रिकेट विश्व कप जीतने के अलावा कई खिताब भारतीय खिलाडियों ने अपने नाम किए।

*************************************************************************

केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 'मन की बात' कार्यक्रम केवल संवाद का माध्यम नहीं, बल्कि 125 करोड़ भारतीयों की भावनाओं से जुड़ी प्रेरणादायक कड़ी है, जो देश के प्रति कर्तव्य बोध को जागृत करती है। श्री गुर्जर बडखल विधानसभा क्षेत्र में पार्टी बूथ पर मन की बात कार्यक्रम सुनने के बाद अपनी प्रतिक्रिया दे रहे थे। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष पंकज पूजन रामपाल ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने की ऊर्जा देता है।

*************************************************************************

पंचकूला में पार्टी बूथ पर आज मन की बात की 128वी कड़ी का सीधा प्रसारण हरियाणा विधानसभा उपाध्यक्ष कृष्ण लाल मिड्ढा और भारतीय जनता पार्टी के हरियाणा के संगठन मंत्री फणीन्द्र नाथ शर्मा सहित कई कार्यकर्ताओं ने सुना। संगठन मंत्री फणीन्द्र नाथ शर्मा ने सभी कार्यकर्ताओं को मन की बात को निरंतर सुनते रहने व उसमें बताई बातों को जीवन में अपनाने का आग्रह किया। विधानसभा उपाध्यक्ष कृष्ण लाल मिड्ढा ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री ने आज सफेद शहद का ज़िक्र किया, उसके बारे में पहले कोई जानकारी नहीं थी। जिला अध्यक्ष अजय मित्तल ने कहा कि प्रधानमंत्री मन की बात कार्यक्रम में विभिन्न अनछुए पहलुओं का जिक्र करते हैं।

***********************************************************************

हरियाणा के ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने 'मन की बात' कार्यक्रम को देखने एवं सुनने के उपरांत कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विशेष रूप से खेल और खिलाड़ियों पर ध्यान केंद्रित करते हुए युवाओं को सकारात्मक शक्ति के साथ राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि 'मन की बात' सिर्फ एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि भारत की समृद्ध संस्कृति, विकास यात्रा और जन-जन की भावनाओं का दर्पण है।

***********************************************************************